दैनिक भास्कर
31-Jan-2020
Page 3

असम की संस्कृति से कराया रुबरु

राजकीय महिला कॉलेज में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर न्यूज़, सिरोही

सिरोही. कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य, व्याख्याता व स्टूडेंट्स।

राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. कमला बंधु की अध्यक्षता में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज स्टूडेंट्स को असम राज्य की संस्कृति से रूबरू कराया गया। प्राचार्य डॉ. बंधु ने छात्राओं को बताया कि असम राजस्थान का सहभागी राज्य घोषित किया गया है ताकि राष्ट्र की एकता व अखंडता को मजबूती प्रदान की जा सके।

छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में स्थित स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से असम की संस्कृति व इतिहास पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। सहआचार्य मनीष सक्सेना ने विद्यार्थियों को भारत की समन्वित संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को समझने व उसे अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। सह आचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह राठौड़ ने छात्राओं को भारत के उत्तरी पूर्वी राज्यों विशेषकर असम के शेष भारत के साथ ऐतिहासिक संबंधों को विस्तार बताया। युवा विकास केंद्र प्रभारी विमल कुमार यादव ने असम की समृद्ध गायन संगीत व नृत्य कलाओं पर प्रकाश डालते हुए बिहू लोक नृत्य की अंतरराष्ट्रीय ख्याति के बारे में बताया। सहायक आचार्य डॉ. रेणु ने असम के विभिन्न व्यक्तियों के राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्पष्ट किया। इस मौके सहायक आचार्य प्रिया मीणा ने अहोम राजवंश से लेकर लोकतांत्रिक शासन प्रणाली तक असम की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डाला।

Scanned with CamScanner